


दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल

■ ग्वालियर ■ वर्ष: 02 ■ अंक: 336

ग्वालियर, मंगलवार, 10 दिसम्बर 2019

■ पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.




## विचार

**घमण्ड मत करना जीवन में, तकदीर बदलती रहती है शीशा वही रहता है तस्वीर बदलती रहती है..... दूसरों को सुनाने के लिए अपनी आबाज ऊंची मत करो, बल्कि अपना व्यक्तित्व इतना ऊंचा बनाओ कि आपको सुनने के लिए लोग इंतजार करें।**

* खुशी सिंह बैस
बिगला नगर, ग्वालियर

## न्यूज ट्रैक

### दक्षिण अफ्रीका की जोजिबिनी ने जीता मिस यूनिवर्स 2019 का खिताब



**नई दिल्ली।** साउथ अफ्रीका की (जोजिबिनी टूंजी) ने मिस यूनिवर्स 2019 का खिताब जीता है। वहीं पोर्टो रिको की पहली रनरअप बनी हैंष इसके अलावा मिस यूनिवर्स मैक्सिको दूसरी रनरअप रही हैं। भारत की वर्तिका सिंह टॉप टैन में भी जगह नहीं बना पाई हैं। 26 साल की मिस जोजिबिनी टूंजी साउथ अफ्रीका से हैं। लैंगिग भेदभाव के खिलाफ जोजिबिनी ने हमेशा एक्टिव रहती हैं। आपको बता दें कि अमेरिका के जॉर्जिया अटलांटा में हुई इस प्रतियोगिता में दुनिया भर से 90 लड़कियों ने हिस्सा लिया था। मिस यूनिवर्स 2018 फिलीपींस की कैटोरिना ग्रे ने नई मिस यूनिवर्स को ताज पहनाया। अमेरिका के हास्य कलाकार और प्रस्तोता स्टीव हार्वे ने रविवार को यहां टेलर पेरी स्टूडियोज में इस कार्यक्रम की मेजबानी की। टेलीविजन पर प्रसारित इस प्रतियोगिता में 26 साल की टुन्जी को विजेता घोषित किया गया। कोलंबिया और थाईलैंड की प्रतियोगी शीर्ष पांच में शामिल रहीं। मिस यूनिवर्स के आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर विजेता की घोषणा की गई। 2017 में दक्षिण अफ्रीका की ही डेमी लीघ नेल-पीटर्स को विजेता घोषित किया गया था।

### संभल में महिला को अगवा कर हत्या गैंगरेप की आशंका

**संभल।** महिलाओं के खिलाफ हो रहे अत्याचार थमने का नाम नहीं ले रहा है। आए दिन कोई न कोई महिला या किशोर किसी ना किसी हादसे का शिकार हो रही हैं। अब ताजा मामला उत्तर प्रदेश के संभल से आ रहा है जहां महिला को अगवा कर उसकी हत्या कर दी गई। आशंका लगाई जा रही है की महिला का रेप के बाद मर्डर किया गया है। मृतक महिला संभल के एक जी एक्स-रे लैब पर काम करती थी। बताया जा रहा है कि चार लोग महिला को लैब से उठाकर ले गए थे और फिर लैब में ही शव फेंक गए। आशंका जताई जा रही है कि महिला कर्मचारी से सामूहिक दुष्कर्म किया गया फिर उसकी हत्या की गई है। बहरहाल मौके पर पहुंचकर पुलिस ने मृतक महिला का शव कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुट गई है।

### नागरिकता संशोधन विधेयक पास कराने में जुटी मोदी सरकार

**कोलकाता।** लोकसभा में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह द्वारा प्रस्तुत किए गए नागरिकता संशोधन विधेयक (कैब) को पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को वभाजनकारी बताया और किसी भी कीमत पर विधेयक का विरोध करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि देश के किसी भी नागरिक को शरणार्थी नहीं बनने दिया जाएगा। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के सत्ता में रहते हुए बंगाल में कभी एनआरसी और कैब की इजाजत नहीं दिए जाने का आश्वासन देते हुए ममता बनर्जी ने इन्हें एक ही सिक्के के दो पहलू बताया। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने खड़गपुर में कहा कि आपको नागरिकता संशोधन विधेयक बिल से डरने की जरूरत नहीं है। हम आपके साथ हैं। जब तक हम यहां हैं, कोई भी आप पर कुछ भी नहीं थोप सकता। अमित शाह ने लोक सभा में विधेयक पेश करने के बाद कहा था कि यह अल्पसंख्यकों के खिलाफ नहीं बल्कि घुसपैठियों के खिलाफ है। बनर्जी ने नागरिकता संशोधन विधेयक पर कहा, ÷यह विभाजनकारी विधेयक है और इसका किसी भी कीमत पर विरोध होना चाहिए। उन्होंने दावा किया कि प्रदेश में एनआरसी लागू होने के डर से अब तक तीस लोग आत्महत्या कर चुके हैं। ममता बनर्जी ने कहा भारत जैसे पंथनिरपेक्ष देश में नागरिकता कभी भी धर्म के आधार पर नहीं दी जा सकती। तृणमूल अध्यक्ष ने खड़गपुर में एक रैली को संबोधित करते हुए कहा, ÷एनआरसी और कैब से डरने की जरूरत नहीं है। हम इसे कभी भी बंगाल में लागू नहीं करेंगे। वे इस देश के किसी वैध नागरिक को बाहर नहीं फेंक सकते, न ही उसे शरणार्थी बना सकते हैं। उन्होंने कहा, ÷इस देश का एक भी नागरिक शरणार्थी नहीं बनेगा। कुछ लोग अपने राजनैतिक बड़बोलेपन के जरिये अशांति उत्पन्न करना चाहते हैं लेकिन मैं साफ कर देना चाहती हूं कि कोई एनआरसी और कैब लागू नहीं होगा। आप जाति या धर्म के आधार पर एनआरसी या कैब लागू नहीं कर सकते।

## लोकसभा में अमित शाह का जवाब

# रोहिंग्या को कभी नहीं किया जाएगा स्वीकार

**नई दिल्ली।** लोकसभा में भारी विरोध और देशभर में चल रहे प्रदर्शन के बीच गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को नागरिकता (संशोधन) विधेयक पेश कर दिया। इस विधेयक के तहत पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान में धार्मिक उत्पीड़न के शिकार गैर मुस्लिम शरणार्थियों को भारतीय नागरिकता देने का प्रावधान है। कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने लोकसभा में नागरिक संशोधन बिल का विरोध करते हुए कहा कि यह कुछ और नहीं बल्कि देश के अल्पसंख्यकों को निशाना बनाने के लिए लाया गया विधेयक है। जबकि, अमित शाह ने कहा कि यह बिल .001 फीसदी भी देश के अल्पसंख्यकों के खिलाफ नहीं है। जबकि, दूसरी तरफ नागरिक संशोधन बिल पर समाजवादी पार्टी अध्यक्ष और आजमगढ़ से सांसद अखिलेश यादव ने कहा- हम नागरिक संशोधन बिल के खिलाफ हैं और पार्टी हर कीमत पर इसका विरोध करेगी।



इस विधेयक के कारण पूर्वोत्तर के राज्यों में व्यापक प्रदर्शन हो रहे हैं और काफी संख्या में लोग तथा संगठन विधेयक का विरोध कर रहे हैं। उनका कहना है कि इससे असम समझौता 1985 के प्रावधान निरस्त हो जाएंगे जिसमें बिना धार्मिक भेदभाव के अवैध शरणार्थियों को वापस भेजे जाने की अंतिम तिथि 24 मार्च 1971 तय है। प्रभावशाली पूर्वोत्तर छात्र संगठन (नेसो) ने क्षेत्र में दस दिसम्बर को 11 घंटे के बंद का आह्वान किया है। नागरिकता (संशोधन) विधेयक, 2019 के मुताबिक पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान में धार्मिक उत्पीड़न के कारण 31 दिसम्बर 2014 तक भारत आए हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन, पारसी और ईसाई समुदाय के लोगों को अवैध शरणार्थी नहीं माना जाएगा बल्कि उन्हें भारतीय नागरिकता दी जाएगी। यह विधेयक 2014 और 2019 के लोकसभा चुनावों में भाजपा का चुनावी वादा था। भाजपा नीत राजग सरकार ने अपने पूर्ववर्ती कार्यकाल में इस विधेयक को लोकसभा में पेश किया था और वहां पारित करा लिया था। लेकिन पूर्वोत्तर राज्यों में प्रदर्शन की आशंका से उसने इसे राज्यसभा में पेश नहीं किया। पिछली लोकसभा के भंग होने के बाद विधेयक की मियाद भी खत्म हो गयी।

## उन्नाव कांड: डोली की जगह अर्थी उठाते समय कांपे पीड़िता के भाई के हाथ

**उन्नाव।** कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मृतका को खेत में दफनाने पहुंचे भाई और पिता के आंखों से निकलते आंसूओं को देखकर वहां मौजूद हर किसी की आंखे नम हो गई। कब्र में बेटी और बहन को दफन करने के दौरान पिता और भाई के साथ वहां उपस्थित पूरी भीड़ में दुख्ख की लहर दौड़ गई। मंत्री, कमिश्नर, आईजी, डीएम से लेकर सभी लोग पूरी तरह से मौन हो गए और उनके गमो को अपनी तसल्ली से शांत कराते रहे। कब्र में बहन को दफन करने के बाद पीड़िता के भाई ने कहा कि यह कभी नहीं सोचा था कि डोली उठाने वाले हाथों से अपनी बहन को इस तरह कफन में लपेटकर दफन करना होगा। कहा कि ऐसी पीड़ा से पूरा परिवार टूट गया है। बोला दिल्ली के अस्पताल में आईसीयू पर लेटी बहन ने जब मेरे कानों पर कहा कि भईया अब अंतिम घड़ी



आ गई है और तुम मेरे आरोपियों को छोड़ना नहीं तो मेरी रूह कांप उठी। उसने कहा कि शासन प्रशासन से जो मांगों को पूरा करने की बात कही जा रही है। उनके पूरे परिवार से इस पर कोई आवाज नहीं उठाई गई। उसने कहा कि उन्हें आर्थिक मदद, नौकरी, और सुरक्षा जैसी मांगों से काफी बढ़कर मेरी बहन की जिंदगी थी। जिसे इन दरिंदो ने मिटा दिया। कहा कि जब तक मेरी बहन के आरोपियों को फांसी नहीं हो जाती है तब तक उसकी बहन की आत्मा को शांति नहीं मिलेगी। भाई के जुंबा से निकलते इन अल्फाजों को सुनकर वहां सैकड़ों की संख्या में उपस्थित लोगों के चेहरे मायूस हो गए। सभी ने उसका ढांढ़स बंधाते हुए आरोपी को उचित सजा मिलने की उम्मीद जताई।

## कर्नाटक उप-चुनाव:

## ग्यारह बागी विधायकों ने बीजेपी टिकट पर जीत दर्ज की

**नई दिल्ली।** कर्नाटक उप-चुनाव में भारतीय जनता पार्टी रुझानों में 15 में से 12 सीटों पर बढ़त बनाए हुए हैं। 5 दिसंबर को कर्नाटक की खाली हुई 17 सीटों में से 15 सीट पर वोटिंग कराई गई थी। बीएस येदियुरप्पा की अगुवाई वाली सरकार को राज्य की सत्ता में बने रहने के लिए छह सीटों पर जीत जरुरी है। फिलहाल 208 सदस्य विधानसभा में बीजेपी के पास कुल 105 की संख्या है। 17 विधायकों को अयोग्य करार दिए जाने के बाद विधानसभा में यह संख्या कम हो गई थी। इससे पहले, एचडी कुमारस्वामी की सरकार जुलाई में उस वक्त गिर गई जब कांग्रेस-जेडीएस गठबंधन के 17 विधायकों ने इस्तीफा दे दिया था। कर्नाटक विधानसभा स्पीकर ने बाद में उन्हें विधानसभा से अयोग्य ठहराया। जिसके चलते यह उप-चुनाव कराया गया। उधर, कांग्रेस-जेडीएस गठबंधन को येदियुरप्पा सरकार को सत्ता से हटाने के लिए 12 सीटें जीतनी होंगी। दोनों पार्टियों का संयुक्त रूप से विधानसभा में संख्याबल फिलहाल 101 है।



### येल्लापुर से भाजपा उम्मीदवार ने जीत दर्ज की

येल्लापुर से भाजपा उम्मीदवार अराबैल शिवराम हेब्बार कर्नाटक में 15 विधानसभा सीटों पर हुए उपचुनाव में जीत दर्ज करने वाले पहले उम्मीदवार बन गए हैं। अभी उपचुनावों के लिए मतगणना चल रही है। निर्वाचन अधिकारियों ने बताया कि हेब्बार ने कांग्रेस के भीमण्ण नाइक को 31,000 से अधिक मतों के अंतर से हराया। आधिकारिक घोषणा की प्रतीक्षा की जा रही है। येल्लापुर से दो बार के कांग्रेस विधायक हेब्बार उन 13 अयोग्य विधायकों में से एक हैं जिन्हें भाजपा ने उपचुनाव में पार्टी के उम्मीदवार के तौर पर टिकट दिया था।



## योगी सरकार ने 218 नए फास्ट ट्रैक कोर्ट की मंजूरी दी

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में आज हुई यूपी सरकार की कैबिनेट बैठक में महिलाओं के खिलाफ हो रहे अत्याचारों के हित में बड़ा फैसला लिया गया है। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने प्रदेश में 218 नए फास्ट ट्रैक कोर्ट खोलने की मंजूरी दी है। इनमें से 144 नई अदालतें केवल रेप मामले की सुनवाई करेगा जबकि 74 अदालतें पॉस्को एक्ट वाले केस सुनेगी। मीटिंग के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में उत्तर प्रदेश के कानून मंत्री ब्रजेश पाठक बताया कि प्रदेश में 42389 पोस्को और 25749 बलात्कार के मामले अभी पेंडिंग है। जिसके चलते यूपी सरकार ने ये बड़ा फैसला लिया है। ब्रजेश पाठक ने बताया कि इसके जजों की भर्ती जल्द शुरू की जाएगी। इसके अलावा हर कोर्ट का खर्च 75 लाख रुपये आएगा।

### हैदराबाद एनकाउंटर मामले पर

## 11 दिसंबर को सुनवाई करेगा सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** तेलंगाना में महिला पशु चिकित्सक से बलात्कार और हत्या के चार आरोपियों के मुठभेड़ में शामिल पुलिस कर्मियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने, जांच और कार्रवाई की मांग वाली याचिका पर सुप्रीम कोर्ट 11 दिसंबर को सुनवाई करेगा। बता दें कि इस मामले को लेकर आज हाई कोर्ट में भी सुनवाई जारी है। तेलंगाना हाईकोर्ट ने हैदराबाद एनकाउंटर में मारे गए गैंगरेप और मर्डर के चारों आरोपियों के शवों को 9 दिसंबर तक सुरक्षित रखने का आदेश दिया था। हाईकोर्ट ने कहा था कि कि चारों शवों को राज्य सरकार नौ दिसंबर रात आठ बजे तक सुरक्षित रखे। अब देखना है कि आज सुनवाई पर हाईकोर्ट क्या निर्देश देता है। वही साइबराबाद के कमिश्नर वीसी सज्जनार ने एनकाउंटर पर कहा था कि पुलिस आरोपियों को क्राइम स्पॉट पर जांच के वास्ते लाई थी। तभी आरोपियों ने पुलिस पर लाठी से हमला कर दिया। उन्होंने हमसे हथियार भी छीन लिए और पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस ने उन्हें चेतावनी दी और सरेंडर करने को कहा। मगर वे लगातार फायरिंग करते रहे। तब हमने भी जवाबी फायरिंग की और वे एनकाउंटर में मारे गए।

### कर्नाटक उपचुनाव

## कांग्रेस नेता डी शिवकुमार ने कहा, हमने हार स्वीकार कर ली

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के नेता डीके शिवकुमार ने कर्नाटक उपचुनाव के नतीजों पर कहा कि हमें इन 15 निर्वाचन क्षेत्रों के मतदाताओं के जनादेश से सहमत होना होगा। लोगों ने दलबदलुओं को स्वीकार कर लिया है। हमने हार स्वीकार कर ली है, मुझे नहीं लगता कि हमें निराश होना पड़ेगा। आपको बता दें कि 15 सीटों के उपचुनाव के रुझानों में बीजेपी 12 सीटों पर आगे चल रही है। कनार्टक के 15 विधानसभा सीटों पर 5 दिसंबर को हुए उपचुनाव के लिए वोटों की गिनती जारी है और शुरुआती रुझानों में बीजेपी आगे चल रही है। उपचुनाव के नतीजे दक्षिणी राज्य में चार महीने पुरानी भारतीय जनता पार्टी की येदियुरप्पा सरकार के लिए महत्वपूर्ण हैं, क्योंकि सत्तारूढ़ दल को कम से कम सात सीटों पर जीत की जरूरत है, ताकि उसके पास 223 सदस्यीय विधानसभा में कम से कम साधारण बहुमत 112 हो सके। आज 15 सीटों पर चुनाव के नतीजे तय करेंगे कि चार महीने पुरानी बी. एस. येदियुरप्पा सरकार का भाग्य तय करेंगे, क्योंकि सत्तारूढ़ भाजपा सरकार के पास बहुमत की कमी है।




### एसबीआई ने ग्राहकों को दी राहत इतना सस्ता किया होम लोन

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के भारतीय स्टेट बैंक ने कोष की सीमान्त लागत आधारित ऋण दर (एमसीएलआर) में 0.10 प्रतिशत की कटौती की है। एसबीआई ने को कहा कि यह कटौती सभी एक साल के उत्पादों के लिए होगी। कटौती कल मंगलवार से लागू होगी। चालू वित्त वर्ष में एसबीआई ने एमसीएलआर में लगातार आठवीं बार कटौती की है। एसबीआई ने बयान में कहा कि कोष की घटती लागत का लाभ ग्राहकों को देने के लिए हमें एमसीएलआर 0.10 प्रतिशत की कटौती करने का फैसला किया है। अब नई एक साल की कोष की सीमान्त लागत आधारित ऋण दर 7.90 प्रतिशत होगी। अभी यह आठ प्रतिशत है।

### राज्यसभा में गूंजा 43 लोगों की मौत का मामला

## बीजेपी सांसद बोले-उपहार कांड से हमने कुछ नहीं सीखा

> दिल्ली के पुरानी अनाज मंडी की रानी झांसी रोड स्थित एक फैक्टरी में रविवार तड़के हुए भीषण अग्निकांड में पांच नाबालिग समेत 43 मजदूरों की मौत हो गई। इस मामले की गूंज सोमवार को राज्यसभा में भी सुनाई दी। राज्यसभा अध्यक्ष वैंकेया नायडु ने इस हादसे में मरने वाले लोगों को श्रद्धांजलि देने के लिए दो मिनट का मौन रखा।

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वहीं इस मामले में राज्यसभा में चर्चा की शुरुआत करते हुए बीजेपी सांसद विजय गोयल ने कहा कि उपहार कांड से हमने कुछ नहीं सीखा है। विजय गोयल ने कहा कि मैं फायरकर्मी और पुलिसवालों का धन्यवाद देता हूं जिन्होंने 60 से ज्यादा लोगों की जान बचाई। उन्होंने कहा कि मैं किसी को जिम्मेदार नहीं ठहरा रहा हूं। आज चांदनी चौक में ऐसे कई और इमारतें है जहां छोटी-छोटी फैक्ट्री चल रही है। उन्होंने कहा कि मजिस्ट्रेट जांच और मुआवजे से कुछ नहीं होगा हमें मिलकर काम करना होगा नहीं तो ऐसे हादसे बंद नहीं होंगे। वहीं आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह ने कहा कि हादसे में मरने वाले 43 लोग यहां मजदूरी करने के लिए आए थे। बाहर से ताला बंद था और अंदर हवा आने के लिए कुछ नहीं था। इस मामले में राजनीति नहीं होनी चाहिए। इस मामले में सबकी जिम्मेदारी तय होनी चाहिए चाहे उसमें एमसीडी हो, दिल्ली सरकार हो या फिर डीडीए हो। ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं ना हो। गौरतलब है कि यह घटना तड़के करीब साढ़े तीन बजे की है। रिहायशी इलाके की एक इमारत में चल रही फैक्टरी में आग दूसरी मंजिल से शुरू हुई। भूतल और पहली मंजिल के लोग तो निकल गए पर तीसरे और चौथे माले पर 65 लोग फंसे रह गए। जलने से चार लोगों की मौत हुई, जबकि बाकी सबका दम घुट गया।



**सो रहे थे श्रमिक:** घटना के वक्त सभी लोग सो रहे थे, इसलिए उन्हें तुरंत आग का पता नहीं चला। दमकल की 21 गाड़ियों ने करीब ढाई घंटे की मशक्कत के बाद आग को काबू किया।

**कई अस्पतालों में भर्ती:** फंसे हुए लोगों को निकालकर लेडी हार्डिंग, एलएनजेपी व आरएमल अस्पताल में भर्ती कराया गया। मृतकों में अधिकतर बिहार के रहने वाले थे। इस चार मंजिला इमारत में प्लास्टिक उत्पाद बनते थे।

### 73 साल की हुईं सोनिया गांधी

## पीएम मोदी समेत कई नेताओं ने दी जन्मदिन की बधाई



**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी सोमवार को 73 साल की हो गई और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित कई नेताओं ने उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। हालांकि, देश के विभिन्न हिस्सों में महिलाओं से दुष्कर्म की बढ़ रही घटनाओं के चलते सोनिया गांधी ने कहा कि वह सोमवार को अपना जन्मदिन नहीं मना रही हैं क्योंकि वह इन घटनाओं से दुखी हैं। सोनिया के जन्मदिन पर उनके घर के बाहर कांग्रेस कार्यकर्ता उन्हें जन्मदिन की बधाई देने पहुंचे। पीएम नरेंद्र मोदी ने उन्हें जन्मदिन पर ट्वीट किया, सोनिया गांधी को जन्मदिन की शुभकामनाएं। मैं उनकी लंबी उम्र और अच्छे स्वास्थ्य की प्रार्थना करता हूं। कांग्रेस ने अपने ट्विटर हैंडल पर लिखा, सोनिया गांधी हमारी शक्ति और हमारी बड़ी नेता हैं। उस शख्स को जन्मदिन का मुबारकबाद जिसने महिलाओं की शक्ति, हमारे देश की संस्कृति और हमारे देश के लोगों की क्षमता को खुद में समाहित किया है। हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष कुमारी शैलजा ने कहा, सोनिया गांधी जी को 73वें जन्मदिन पर ढेर सारी शुभकामनाएं।

## एक नजर....

### काहिली का अग्निकांड

दिल्ली के अनाज मंडी इलाके में गैरकानूनी ढंग से चल रही फैक्टरी में हुए अग्निकांड से 43 लोगों की मौत इनसानी लालच और व्यवस्था की आपराधिक लापरवाही की ही परिणति है। दुर्घटना ने ढाई दशक पहले हुए उपहार अग्निकांड की याद ताजा कर दी, जिसमें 59 लोग मारे गये थे। जो इस बात का प्रमाण है कि ढाई दशक के बाद भी हालात नहीं सुधरे हैं और सुरक्षा उपाय सुनिश्चित करने वाला तंत्र कुंभकरणीय नींद में सोया हुआ है। दिल्ली के रिहायशी इलाके में फैक्टरी अवैध रूप से चल रही थी, इसकी भनक पुलिस प्रशासन को न हो, ऐसा संभव नहीं है। दरअसल, जिनकी जिम्मेदारी इन अवैध फैक्टरियों की जांच-पड़ताल की होती है, वे लोग शायद अपना हिस्सा लेकर खामोश हो जाते हैं। आखिर फैक्टरी में इतनी बड़ी तादाद में श्रमिकों को रहने की अनुमति कैसे मिली हुई थी। एक ऐसी इमारत जिसमें न आने-जाने के वैकल्पिक रास्ते थे और न ही पर्याप्त खिड़कियां। बेहद संकरी गली में बनी चार मंजिला इमारत में बचाव के लिये अग्निशमन कर्मियों को ग्रिल काटकर अंदर घुसना पड़ा। हवा की निकासी की पर्याप्त व्यवस्था न होने के कारण अधिकांश श्रमिक दम घुटने से मौत का शिकार बने। दुर्भाग्यपूर्ण ही है कि फैक्टरी मालिक ऐसे दड़बानुमे मकान में श्रमिकों को बंद करके चला जाता होगा, जिसके चलते श्रमिकों को बाहर निकलने का रास्ता नहीं मिला।इस कांड में अग्निशमन दल ने समय से पहुंचकर जो तत्परता दिखायी, उसके चलते तमाम बहुमूल्य जानें बचायी जा सकीं। इस कांड में ग्यारह लोगों की जान बचाकर खुद घायल होने वाले अग्निशमन कर्मी राजेश शुक्ला की भी खूब सराहना हुई। इसके बावजूद संकरी गलियों वाले इलाके में राहत और बचाव में भारी दिक्कत हुई। इस फैक्टरी में भी अग्निशमन संबंधी सुरक्षा उपायों के लिये अनापत्ति प्रमाणपत्र नहीं लिया गया था। निस्संदेह उपहार कांड से हमने कोई सबक नहीं लिया। आज भी भीड़भाड़ वाले इलाकों में तमाम ऐसी ज्वलनशील फैक्टरियां हैं जहां सुरक्षा के इंतजाम ना के बराबर ही हैं। राजधानी के बवाना इंडसट्रियल एरिया में 2018 में तीन फैक्टरियों में ऐसी ही भीषण आग लगी थी और 17 लोगों की मौत हो गई थी। इसी साल 12 फरवरी 2019 को करोल बाग के होटल अर्पित अग्निकांड में 17 लोगों की जान गई थी। यहां भी सुरक्षा के इंतजाम नहीं थे, साथ ही निकासी के रास्ते पर्याप्त नहीं थे। घटना के बाद तीस होटल फायर सेफ्टी नियमों में फेल हुए थे। पिछले माह ही 16 तारीख को नरेला इंडसट्रियल एरिया में एक फैक्टरी में भीषण आग लगी थी। इसमें लाखों की संपत्ति स्वाह हुई और एक व्यक्ति की मौत हुई। ऐसे वक्त जब दिल्ली विधानसभा के चुनाव नजदीक हैं, बढ़-चढ़कर मुआवजा बांटने की होड़ लगी हुई है। मगर कोशिश नहीं होती कि ऐसा सुरक्षित वातावरण बनाया जाए, जिसमें कोई चिंगारी दर्जनों जिंदगियां न लील सके। साथ ही ऐसे हादसों के लिये जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही भी तय नहीं की जाती।

### जासूसी को अब क्या याद करना

जासूसी में बेशक रोचकता होती है, उसमें सस्पेंस होता है, थ्रिल होता है। इसलिए जासूसी किताबें और कहानियां पढ़ना तो बेशक अच्छा है, पर व्हाट्सएप की जासूसी को क्या याद करना। ऐसी जासूसी भी कोई जासूसी है लल्लू, जिसमें कोई कहानी ही न हो। हमारे यहां सरकारें जासूसी करवाती थीं तो कहानियां बनती थीं, सरकारें हिल जाती थीं और हिलकर कई बार तो गिर भी जाती थीं। पर व्हाट्सएप की जासूसी में कोई कहानी नहीं बनी। जैसे अच्छी कहानी वाली जासूसी फिल्में हिट रहती हैं, वैसे ही कमजोर कहानी वाली पिट जाती हैं। समझो यह कमजोर कहानी वाली फिल्म थी, इसलिए पिट गयी। वैसे इसमें इस्राइली जासूसी थी, जो दुनिया में बड़ी हिट जासूसी मानी जाती है। कभी सीआईए और केजीबी की जासूसियां बड़ी हिट मानी जाती थी, पर अब इस्राइली जासूसी का कोई जवाब नहीं। लेकिन हमारी सरकार इस्राइल की सिर्फ इसलिए मुरीद नहीं है कि उसकी जासूसी हिट है, बल्कि इसलिए भी मुरीद है कि वैचारिक भाईचारा है। हो सकता है यह जासूसी भी भाईचारे की ही भेंट चढ़ गयी हो। वैसे हम तो पनामा पेपर्स को ही याद नहीं करते, व्हाट्सएप की जासूसी को क्या याद करेंगे। जबकि पनामा पेपर्स के मामले में बेचारे नवाज शरीफ अभी भी जेल में पड़े हैं। खुशी की बात है कि हमारे यहां पनामा पेपर्स जैसे मामले में कोई जेल नहीं गया। हालांकि यह भी दुनिया की एक हिट फिल्म थी, जो हमारे यहां पिट गयी। सभी तो वही एक्टर्स हैं, कौन देखे भला। पर ऐसा नहीं है कि हमारे यहां ईडी, सीबीआई वगैरह नेताओं के पीछे नहीं पड़ती।

## गजल

तुम नदिया की धारा हो गोरी, मैं हूँ जलप्रपात प्रिये।
तुम धुन हो संगीत की गोरी, मैं हूँ सुर का ताज प्रिये।।
तुम बिन जीवन न सम्भव है कैसे तुम्हे बतलाऊ प्रिये।
प्रेम तुम्हे है कितना ये मैं कैसे तुम्हे बताऊ प्रिये।।
तुम हो पार्वती मेरी, मैं हूँ तुम्हारा शिव प्रिये।
तुम हो मेरी मधुशाला, मैं हूँ तुम्हारा सरताज प्रिये।।
तुम हो तो जीवन में मेरे खुशिया है तमाम प्रिये।
जो तुम न हो तो यदि सोच भी लू तो हो जाता बेनाम प्रिये।।
विदुषी की कविता हो तुम, मैं उसका पूर्णविराम प्रिये।
तुम बिन होत अधूरा मैं, तुम संग होत आराम प्रिये।।
तुम घर की देवी हो सबकी तुमसे होत सब काम प्रिये।
न जाने कैसे मुझे मिली तुम, ये सब प्रभु का काम प्रिये।।
हर जन्म में मुझे मिलो सिर्फ तुम, ये प्रभु से अरदास प्रिये।
जीना जीवन हुआ सुहाना, जब तुम हो मेरे पास प्रिये।।

**विनोद (स्वयं लिखी)**

# बिना अर्थशास्त्रियों के चल रही है भारत की अर्थव्यवस्था

हर कोई अर्थशास्त्री है, घर का बजट बनाने वाली गृहिणी से लेकर दूध के लिए गायों पर निर्भर डेयरी मालिक और छोटे उद्यमियों तक जो छोटे-छोटे सामान बनाकर अपार्टमेंट के कारोबार से जुड़ी बड़ी कंपनियों को बेचते हैं। उन्हें क्षेत्र-विशेष से संबंधित कानूनों और अनुबंधों तथा करों संबंधी सामान्य कानूनों, कारोबार की रीतियों और अपने समकक्ष/उपभोक्ता के साथ रिश्ते में सन्निहित खेल के नियमों का पालन करना चाहिए। इनके बारे में सबको बता है; वास्तव में ये सर्वज्ञात हैं। ऐसी सर्वज्ञात चीज, जिसके बारे में सबको अच्छी तरह से पता है, वह है धन। हमारी कहानी का नायक खासतौर से इन्हीं सर्वज्ञातों के आधार पर उचित निर्णय लेगा।

नायक अज्ञात चीजों के कारण गलत भी साबित हो सकता है, ये अज्ञात, ज्ञात-अज्ञात (ऐसी चीजें जो हैं, मगर अज्ञात हैं) और अज्ञात (ऐसी चीजें जो अज्ञात हैं और जिनके बारे में कुछ भी पता नहीं) दोनों हो सकते हैं। समय के कुछ अंतराल के बाद नायक अज्ञातों को लेकर माहिर भी हो सकता है।नायक किसी राज्य के मुख्यमंत्री के रूप में भी निर्वाचित हो सकता है और राज्य में प्रभावशाली शासन का प्रदर्शन भी कर सकता है। जब तक नायक सबसे अच्छी तरह से जाने-पहचाने अज्ञात यानी धन को प्रबंधित करता है, तो बाकी के सारे ज्ञात और अज्ञात खुद ही प्रबंधित हो जाते हैं। नायक को जब ज्ञातों और अज्ञातों से परे जाना पड़ता है, तभी उसके लिए मुश्किल पेश आती है। इस मुश्किल को बाजार कहते हैं। और जब बाजार का अर्थ ऐसे लाखों लोग हों जो एक दूसरे असंबद्ध हैं और भय तथा अनिश्चितता में कदम उठा रहे हैं और विभिन्न उद्देश्यों से प्रेरित हैं, तो बाजार सिर्फ मुश्किल ही नहीं, बहुत बड़ी मुश्किल बन जाता है। सावधानी से बनाई गई योजना भी गलत साबित हो सकती है। आकार और पैमाना भी मायने रखता है। किसी परीक्षा में संतुलित बजट तैयार करते समय वैसी चुनौतियां पेश नहीं आतीं, जैसा कि वास्तव में सरकार का बजट तैयार करने में आती हैं। एक राज्य को चलाने में वैसी चुनौतियां पेश नहीं आतीं, जैसा कि देश की सरकार चलाने में आती हैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 12 वर्ष तक गुजरात के मुख्यमंत्री थे। उनकी वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के पास जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय से अर्थशास्त्र की एमए की डिग्री है। वह आपस में सोचते हैं, और उन्हें क्यों नहीं सोचना चाहिए? कि वे सक्षम अर्थशास्त्री हैं और भारतीय अर्थव्यवस्था को संभालने में समर्थ हैं। काश वे समझ पाते कि उनकी वजह से यह अवांछित स्थिति बनी है, जिसमें भारतीय अर्थव्यवस्था धीमी गति से नीचे जा रही है और ध्वस्त होने के करीब है। पिछली छह तिमाहियों के आधिकारिक आंकड़े उपलब्ध हैं, जिनके मुताबिक भारत की जीडीपी की विकास दर क्रमशः 8.0, 7.0, 6.6, 5.8, 5.0 और 4.5 फीसदी रही। हर तरफ से हम सुन रहे हैं कि प्रधानमंत्री और वित्त मंत्री दुखी हैं, लेकिन उन्होंने अब तक ऐसा जाहिर नहीं किया है। प्रधानमंत्री और वित्त मंत्री के बीच श्रम का स्पष्ट विभाजन है: फैसले प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) द्वारा लिए जाते हैं और उन पर अमल वित्त मंत्री द्वारा किया जाता है। दोनों के बीच परस्पर संदेह है और इन दोनों कार्यालयों के अधिकारी एक दूसरे पर दोषारोपण कर रहे हैं। अब कहानी के दो मुख्य पात्र बेचारे प्याज की कीमत को नियंत्रित करने के लिए संघर्षरत हैं जो कि गरीबों और मध्य वर्ग के भोजन का हिस्सा है। इसके अलावा एनएसएसओ के मुताबिक घरेलू खपत में गिरावट दर्ज की गई है। ग्रामीण पारिश्रमिक में गिरावट आई है। खासतौर से किसानों के लिए उत्पादकों के दाम गिरे हैं। दैनिक रोजगार करने वालों को महीने में 15 दिन से अधिक का काम नहीं मिल रहा है। मनरेगा की मांग बढ़ी है। ड्यूरेबल और नॉन ड्यूरेबल सामान की बिक्री घटी है। थोक मूल्य आधारित महंगाई 1.92 फीसदी और उपभोक्ता मूल्य आधारित महंगाई 4.62 फीसदी बढ़ गई है। तापीय संयंत्रों में संयंत्र भार कारक 49 फीसदी उत्पादन है, इसका मतलब है कि बिजली की मांग में कमी के कारण तापीय क्षमता का आधा हिस्सा बंद है। सरकार सोचती है कि वह आसन्न आपदा को दूर कर सकती है। सरकार की खामी अतीत के अपने फैसलों का अड़ियल तरीके से बचाव करने में निहित है। ये फैसले हैं नोटबंदी, त्रुटिपूर्ण जीएसटी, टैक्स टेररिज्म, जानलेवा नियंत्रण, संरक्षणवाद और निर्णय लेने की क्षमता का पीएमओ में केंद्रीकरण। आठ नवंबर, 2016 को नोटबंदी के रूप में मानवनिर्मित आपदा से सामना हुआ। चेतावनियों के बावजूद सरकार ने इस पर विचार नहीं किया। द इकोनॉमिस्ट ने इस सरकार को अर्थव्यवस्था के %अक्षम प्रबंधक% की उपमा दी है। कोई और विकल्प नहीं होने के कारण मंत्री दिखावे और झांसे का सहारा ले रहे हैं। सरकार ने माना है कि अर्थव्यवस्था सुस्त है, लेकिन उसने ढांचागत मुद्दों से इनकार किया है, जिनका निराकरण करने की जरूरत है। सरकार ने समस्या को %चक्रीय% बताया है। उनकी मेहरबानी कि उन्होंने इसे %मौसमी% नहीं बताया! भारत की अर्थव्यवस्था बिना किसी सक्षम अर्थशास्त्री की सलाह और मदद के चल रही है। आखिरी अर्थशास्त्री थे डॉ. अरविंद सुब्रमण्यम। जरा प्रोफेसर के बिना किसी शोध कार्यक्रम की पढ़ाई या फिर डॉक्टर के बिना किसी जटिल सर्जरी की कल्पना कीजिए! यह ठीक वैसा ही है जैसे किसी अर्थव्यवस्था को प्रतिष्ठित अर्थशास्त्रियों के बजाय अक्षम प्रबंधकों के जरिये चलाया जाए।




# शिक्षा के विरोधाभासों से युवा मन का भटकाव

**सुरेश सेठ**

भारत का राष्ट्रीय खेल है हॉकी। दुनिया के ओलंपिक खेलों में ऐसे भी दिन रहे कि किसी और खेल से चाहे स्वर्ण पदक न आये, लेकिन भारत को?इस खेल में स्वर्ण पदक मिल ही जाता था। न मिलता तो उसका मुख्य प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान इसे जीत लेता। लेकिन दिन बदल गये। खेल कृत्रिम घास पर होने लगा। इसने अपना स्वर्ण स्पर्श खो दिया। उस समय हमारे प्रतिभावान हॉकी खिलाड़ियों की नर्सरी होता था, पंजाब के दोआबा क्षेत्र में संसारपुर गांव। यह गांव जालंधर छावनी और उसके दूसरी ओर स्थित जंडियाला के बीच स्थित है। तब इन खिलाड़ियों की प्रेरणा और प्रोत्साहक थे पुलिस प्रमुख अश्विनी कुमार, जो केवल इन खिलाड़ियों ही नहीं, जालंधर के ऐतिहासिक हरिवल्लभ संगीत सम्मेलन के मुख्य प्रेरणा स्तंभ और आजीवन ट्रस्टी रहे।

अश्विनी जी तो अब नहीं हैं, लेकिन जालंधर के हरिवल्लभ संगीत सम्मेलन की शान उसी तरह बरकरार है। उखड़ा तो हॉकी खिलाड़ियों का मक्का मदीना संसारपुर। अब इस गांव के नौजवान इस खेल को समर्पित नजर नहीं आते। रोजी-रोटी की तलाश ने सब कुछ लील लिया। खेतीबाड़ी के धंधे को ग्रामीण युवकों की नयी पीढ़ी के लिए अनुत्पादक होता देखकर अब उनका पलायन किसी वैकल्पिक रोज़गार के लिए पहले शहरों की ओर हुआ। जहां उद्योग-धंधों और कल कारखानों में मंदी के साये पहले से मंडरा रहे थे। हां, इन शहरों के हर मुख्य गली और बाजार में विदेश भिजवा सकने वाली अकादमियों के बाजार अवश्य सजे थे।

ये लोग पारपत्रों और वीजा के लिए आवश्यक छह बैंड दिलवाने की कोचिंग का व्यवसाय करते हैं। कुछ महारथी और उनकी अकादमियां वहां ऐसी थीं कि ये आपको बिना छह बैंड प्राप्त किये ही विदेश भिजवा देने की गारंटी दे देतीं। नौजवानों को बिना पंखों के विदेश भिजवा देने का व्यवसाय कुछ इस प्रकार पनपा कि पंजाब ही नहीं, हरियाणा और हिमाचल में भी इसे कबूतरबाजी के नाम से जाना जाने लगा। यह वैध है या अवैध, अपनी धरती, अपनी शिक्षा की नींव से उखड़े हुए इन नौजवानों को इससे गर्ज नहीं है। उन्हें तो अपनी लक्ष्यहीन और फुटपाथी जिंदगी जीते हुए विदेशों की सोन नगरी में जा बसने के सपने आते हैं। पंजाब हो या हरियाणा, यहां का सबसे आकर्षक व्यवसाय हो गया है, ट्रैवल एजेंट या उनके द्वारा चलायी जा रही पारपत्रों और वीज़ा के लिए अपेक्षित बैंड दिलवाने वाली अकादमियां।

कभी लार्ड मैकाले द्वारा प्रेरित सफेद कालर बाबू बनाने वाली शिक्षा संस्कृति विफल हो गयी। खेल के मैदानों में अपने खेल निपुणता से विजय का ध्वज फहराने वाले खिलाड़ी धन, प्रतिष्ठा और विजय के सपनों से वंचित हो गये। खेल के मैदानों में धूल उड़ने लगी। विश्वस्तर की खेल प्रतियोगिताओं में भारत का राष्ट्रीय खेल हॉकी ही नहीं, सब विशुद्ध भारतीयता का अक्स लिए हुए खेल पिछड़ते चले गये। दशकों से जारी लुधियाना के पास शेरपुर में वार्षिक ग्रामीण खेलें अपनी चमकदमक खोने लगीं। अंग्रेजों से आयातित क्रिकेट का खेल ही भारत के क्रिकेट प्रेमियों के जनून से जिंदा रहा, क्योंकि इसे व्यावसायिकता की प्रखर नींव मिल गयी।

लेकिन दोआबा ही नहीं, पंजाब और हरियाणा के गांव के गांव खाली हो गये, क्योंकि उनमें बसते नौजवानों ने खेतीबाड़ी से बेदखली पा, उन बुनियादी खेलों में भटकना नहीं चाहा। दरअसल यहां जीतने पर तमगे तो मिल जाते हैं लेकिन रोटियों का ठिकाना नहीं बनता था। कार्पोरेट जगत के मसीहाओं ने क्रिकेट जैसे खेल को अपने कंधों पर उठा लिया और हॉकी राष्ट्रीय खेल कहलाने के बावजूद अपनी आब खो बैठी। संसारपुर हॉकी नर्सरी उखड़ गयी। वहां से उभरने वाले दिग्गज खिलाड़ियों की परंपरा समाप्त हो गयी और साथ ही बुझ गयी उस खेल के द्वारा ओलंपिक मुकाबलों से स्वर्ण पदक जीतकर लाने वाली दिपदिपाहट। शिक्षा का व्यवसायीकरण हो गया और उभरती हुई रोज़गार दिलाऊ प्रतियोगिता वाले शिक्षण संस्थानों से खेल के मैदान गुम हो गये। कुछ ग्रामीण कालेज ऐसे थे जहां बड़े-बड़े खेल के मैदानों में देश के नौजवान शिक्षा के साथ-साथ खेल संस्कृति का उदय करते थे। व्यावसायिकता के सैलाब में सब कुछ बह गया। इन संस्थानों से मिलने वाली कला और विज्ञान संकायों की चमकती हुई स्नातक डिग्रियां और खेलों के मैदानों से जीते हुए स्वर्ण पदक, सब कुछ।

संसारपुर की इस पारंपरिक खेल नर्सरी ने मिट्टी की गंध खोयी तो उसके साथ के गांव में दशकों से चलता हुआ सरकारी कालेज जंडियाला का विशाल परिसर भी वीरान हुआ। कभी आसपास के ग्रामीण समाज में इसकी धूम थी। यहां कला और विज्ञान की कक्षाएं खूब चलतीं। कालेज परिसर के पास बड़े-बड़े खेल के मैदान थे। खिलाड़ियों के अभ्यास के लिए मक्का और मदीना था। ऐसे दिन भी रहे जब यहां एक हज़ार से लेकर सात सौ छात्र तक पढ़ते थे। आज विद्यालय के इस विशाल परिसर में छात्र पढ़ने नहीं आते। खाली कक्षाएं सायं-सायं करती हैं। सरकारी विद्यालय है, इसलिए अभी भी इसमें एक प्राचार्य है, एक-दो प्राध्यापक और एकाध लिपिक। लेकिन छात्र कहां हैं? शहरों का सम्मोहन, प्रवासी भारतीय हो पाने का सपना अथवा आधुनिकता की चकाचौंध ने सब कुछ छीन लिया। अब इलाके के राजनेताओं ने इस कालेज या ऐसे ही ग्रामीण अंचलों में मरते हुए विद्यालयों को जीवनदान देने का बीड़ा उठाया है। लेकिन यह संकल्प तब तक सार्थक नहीं हो सका जब तक इस देश के शिक्षा परिसरों में पल्लवित बोसीदा शिक्षा संस्कृति को नौजवानों के सपनों के अनुरूप एक सम्माननीय जीवन, भरपेट भोजन और सार्थक रोज़गार देने के योग्य नहीं बनाया जाता। आठवें दशक से हम बुनियादी शिक्षा के नाम पर राजीव गांधी काल से शिक्षा संस्कृति के रोज़गारोन्मुख होने की बात सुन रहे हैं। इसके लिए चलाया जाने वाला आपरेशन ब्लैक बोर्ड बेरंग हो गया लेकिन शिक्षा अपनी किताबी अव्यावहारिकता के घेरों से बाहर नहीं आ पायी।

अब मोदी काल की दूसरी पारी शुरू हो गयी। अब सरकार जल्दी से जल्दी नयी शिक्षा नीति लाने की बात करती है। उसको रोज़गारोन्मुख बना देने के भाषण होते हैं लेकिन शिक्षा के साथ नौजवानों को उचित रोज़गार देने की कोई गारंटी नहीं देता।



## मोहब्बत



कभी मोहब्बत में हम भी खुब जला करते थे
देख के उनको औरों के संग बहक जाया करते थे
उखड़ जाता था दिल हमारा देखकर जब इस कदर
आकर बड़े जतन से फिर वह मुझे खूब मनाया करते थे
शक की निगाहें घूम जाती थी उनकी तरफ जब वो
जरा सा हंस कर किसी और से बात किया करते थे
कुछ और नहीं शायद यह जलन मोहब्बत की थी
तभी हम अपने आप से भी खफा हो जाया करते थे
दो घड़ी आकर मुझसे पूछ लेते थे हाल-ए-दिल
पल भर में हम मौसम की तरह बदल जाया करते थे
वक्त हसीन वो अब गुजर गया हमदम सोचते हैं अब
क्यों हमारे मिजाज हर पल बदल जाया करते थे

**निक्की शर्मा (रश्मि)**
**मुम्बई**



## सर्दियों में अपनी त्वचा को यूं रखें स्वस्थ

अगर आप सर्दियों में अपनी त्वचा की अच्छी तरह देखभाल करती हैं तो फिर आप इसे प्रतिकूल प्रभाव से बच सकती हैं। सही देखभाल से आपकी त्वचा सौम्य और निखरी रहेगी। लूमिएर डर्मेटोलॉजी की मेडिकल निदेशक किरन लोहिया ने सर्दियों के दौरान त्वचा को स्वस्थ बनाए रखने के ये सुझाव दिए हैं। दिन में बरती जाने वाली सावधानियां इस प्रकार हैं। ज्यादा देर तक नहीं स्नान करें और गर्म पानी के बजाय गुनगुने पानी से नहाएं।



## सलमान खान से नाराज हैं रानी मुखर्जी, पूछा- क्यों नहीं पूरा किया बच्चे का वादा

*इस हफ्ते के वीकेंड का वार के एपिसोड में रानी मुखर्जी के आने से बहुत ही मजेदार सा माहौल बन गया। रानी शो में अपनी अपकमिंग फिल्म मर्दानी 2 के प्रमोशन के लिए आईं। रानी ने शो में आते ही पहले सलमान खान को अपना वादा याद दिलाया। रानी ने सलमान को लास्ट सीजन का एक वीडियो क्लिप दिखाई जब वो अपनी फिल्म हिचकी का प्रमोशन करने आई थीं। जब रानी लास्ट सीजन आई थीं तो उन्होंने सलमान से कहा था कि उन्हें उनकी शादी में कोई दिलचस्पी नहीं है, लेकिन अब वो सलमान के बच्चे देखना चाहती हैं। वीडियो दिखाते हुए रानी, सलमान को कहती हैं अगर आप मेरी बात सुन लेते तो आज मैं आपके छोटे से बच्चे को अपनी गोद में लेकर शो पर आती। रानी की ये बात सुनकर सलमान भी हंसने लगते हैं। बता दें कि रानी के आने से पहले शो का माहौन अच्छा हो गया था, लेकिन उससे पहले सलमान ने सभी घरवालों की खूब क्लास लगाई थी। इतना ही नहीं, ऐसा पहली बार हुआ था कि सलमान ने सभी कंटेस्टेंट्स को एक साथ घर से बाहर जाने को कहा था।*



### जैन संत के हाथ में जीवों के संरक्षण के लिए

# मोर पंख से बनी पिच्छिका होती है जो दया का प्रतीक है: योगभूषण महाराज

**मुरैना।** जैन संत के हाथ में जीवों के संरक्षण के लिए मोर पंख से बनी पिच्छिका होती है। उस पिच्छिका के पंख बहुत मुलायम व कोमल होते हैं। वह रज और पसीना ग्रहण नहीं करती है यानी सभी को यह पिच्छिका मुलायम करने की प्रेरणा देती है। दूसरे हाथ में कमंडल जो शौच के उपकरण है, जो संसारी जीवों को शिक्षा देता है, जल बचाओ। साथ ही वह कहता है कि जिस प्रकार मेरे अंदर पानी डालने का द्वार बड़ा है और खर्च करने का द्वार छोटा है यानी जितना आवश्यक है उतना ही प्रयोग में लाए। पिच्छिका परिवर्तन के दिन आप सभी कुछ न कुछ नियम लेकर जाएं जिससे आपका जीवन सयंमित बने। यह बात योगभूषण महाराज ने कार्यक्रम के दौरान मौजूद समाज के लोगों से कही। अतिशय क्षेत्र सिहोनिया की पावन धरा मंदिर श्री शांतिनाथ दिंबर जैन मंदिर शांतिनाथ महामंडल विधान 16 दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। जिसमें रविवार को पिच्छिका परिवर्तन समारोह का आयोजन हुआ। जिसमें समाज के सैकड़ों भक्तों ने पहुंचकर पूजा अर्चना की। वहीं चित्र अनावरण व दीप प्रज्वलन के



बाद, पाद प्रक्षालन और शास्त्र भेंट किया गया। इस अवसर पर विचार व्यक्त करते हुए मंदिर कमेटी के महामंत्री व पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष जिनेश जैन ने कहा कि पूज्य श्री के चरण कमल जहां भी पड़ जाते हैं वहां की धरा पवित्र हो जाती है। आप जहां भी गए सभी यही कहते हुए नजर आए थे कि पूज्य श्री एक निराले संत है, अतिशय क्षेत्र सिहोनिया में भी श्री शांतिनाथ महामंडल विधान का भव्य आयोजन कर श्रद्धालुओं में धर्म के प्रति अपने श्रद्धा जागृत की है। आयोजन में श्रद्धालुओं ने संगीत की स्वर लहरी के साथ संत श्री को पिच्छी भेंट की। कार्यक्रम में मंदिर जी में शांतिनाथ महामंडल कराने का सौभाग्य मुरैना के करन सिंह जैन के परिवार को मिला। योगभूषण महारजा के पावन सानिध्य विश्वम्भर दयाल बाबूजी, योगांशी दीदी के मार्गदर्शन और पं. संजय शास्त्री के प्रतिष्ठाचार्यत्व में विगत 27 नवम्बर से चल रहे 16 दिवसीय सिद्धिदायी अवसर पर समायोजित 16 दिवसीय संकटमोचक श्री शांतिनाथ महामण्डल विधान आराधना का समापन 12 दिसम्बर को होगा।

## शिवपुरी जिले के पिछोर अनुविभाग अन्तर्गत ग्राम



**भौंती।** कस्बे में युबक चढ़ा पानी की टंकी पर भ्रष्टाचार के खिलाफ अल सुबह से एक युबक पानी की टंकी पर चढ़ गया टंकी पर चढ़े युबक का कहना है कि बिना पैसे लिए दिए कोई काम नहींकर रहे है । गरीब जनता की सताया जा रहा है ।। बताया जा रहा है कि युबक का नाम पंडित राजेन्द्र दुबे है और वह एक सालों से अपनी जमीन का नाम सही कराने के लिए सभी अधिकारियों , कलेक्टर, के चक्कर लगा लगा कर परेसान हो चुका है जिसके चलते युबक ने ये कदम उठाया है मौके पर पहुँचे भौंती थाना प्रभारी, पटवारी, और तहसीलदार सभी ने मिलकर युबक को काफी समजाने के बाद भी बह टंकी से नीचे नही उतर रहा है और वह कलेक्टर को बुलाने की मांग पर अड़ा हुआ है। आश्वासन के बाद उतार लिया।

## दो युवकों के साथ मारपीट

**मुरैना।** जिले के विभिन्न थानान्तर्गत अलग-अलग स्थानों पर हुये विवाद में नामजद आरोपियों ने चार लोगों के साथ गाली-गलौज कर मारपीट कर दी। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार जौरा थानान्तर्गत ग्राम सिकरौदा निवासी विनोद पुत्र सीताराम शर्मा की गत दिवस हुये झगड़े में गांव के कपिल, अजय, शनि, भानसिंह सभी सिकरवार ने एक राय होकर गाली-गलौज कर पिटाई कर दी। दिमनी क्षेत्र के ग्राम सिरमिती निवासी जगदीश राजपूत पुत्र रघुवर की झगड़े पर से गांव के अनिल लोधी, दस्सू उर्फ मुकेश लोधी की गालियां देते हुये मारपीट कर दी।

## वार्ड 10 में जलभराव की समस्या के निदान के लिये सीईओ को सौंपा ज्ञापन

**अम्बाह।** नगर के वार्ड क्रमांक 10 में नागरिकों को जगह-जगह जलभराव की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। इस समस्या के समाधान का कोई स्थाई उपाय नहीं किया जा रहा है। जिससे यहां के रहवासियों को परेशानी हो रही है उक्त समस्या को लेकर भाजपा पार्षद व नगर पालिका उपाध्यक्ष नीतू तोमर ने सोमवार को वार्ड के नागरिकों व महिलाओं के साथ मुख्य नगरपालिका अधिकारी रामनिवास शर्मा को ज्ञापन सौंप। ज्ञापन में कहा कि वार्ड की प्रत्येक गली में पानी भरा हुआ है लंबे अरसे से पानी भरा होने के कारण जगह-जगह कीचड़ हो गया है और उसमें से बदबू आ रही है जिसके



चलते बच्चे और बड़ों को मच्छर जनित बीमारियों का सामना करना पड़ रहा है इसके साथ ही लोगों का रोजमर्रा का जीवन भी प्रभावित हो रहा है पार्षद नीतू तोमर ने बताया कि यह समस्या जगह-जगह पानी रोकने के कारण उत्पन्न हुई है जिसके समाधान के लिए नगर पालिका को ठोस कार्यवाही करनी चाहिए नही तो वह वार्ड वासियों के साथ नगरपालिका पर धरने के लिए मजबूर होंगे मुख्य नगरपालिका अधिकारी शर्मा ने इस मौके पर उपयंत्री केके दीक्षित को समस्या के समाधान के लिए कार्य कराने के निर्देश दिए।

## उपचार के दौरान महिला की मौत

**मुरैना।** टैटरा थाना क्षेत्र के जसलामनी निवासी एक महिला की सड़क हादसे में घायल होने पर उपचार के दौरान महिला की मौत हो गयी। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बैकुठी शाक्य पत्नी राजाराम 50 वर्ष निवासी जसलामनी रामपुर की विगत 22 नवम्बर को मेघालय में हुये सड़क हादसे के बाद उपचार के लिये जेएएच ग्वालियर में भर्ती कराया। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गयी। पुलिस ने महिला की मौत पर से मर्ग कायम किया है।

## आज विद्युत बंद रहेगी

**मुरैना।** उपमहाप्रबंधक एसपी सिंघारिया ने बताया कि 132 केव्ही दिमनी से निकल्ने वाले 33 केव्ही बडागांव फीडर पर अत्यावश्यक संधारण कार्य कराये जाने के कारण 10 दिसम्बर को सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक किशनपुर, मुडियाखेरा, बिचौली गांव, डोंगरपुर किरार, महिवा का पुरा, महादेव का पुरा, सिरमिती, नायकपुरा, घुरैया का पुरा, मैथाना, बावरखेडा, तिलैधा, रामभजन का पुरा आदि क्षेत्र प्रभावित रहेंगे।

## दहेज के लिये महिला प्रताड़ित

**मुरैना।** सुमावली थानान्तर्गत ग्राम घुरैया बसई जंगबहादुर का पुरा में एक महिला को दहेज के लिये नामजद ससुरालीजनों द्वारा प्रताड़ित करने का मामला सामने आया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार श्रीमती नीरज देवी गुर्जर पत्नी सेपाल सिंह 25 वर्ष निवासी जंगबहादुर का पुरा को दहेज के लिये पति सेपाल सिंह, ससुर रघुवीर, श्रीमती राजाबेटी, जोगेन्द्र सिंह, जितेन्द्र, विनोद उर्फ गुनिया, श्रीमती अन्नू गुर्जर निवासी सदर द्वारा एक राय होकर प्रताड़ित किया। पुलिस ने फरियादी महिला की रिपोर्ट पर से उक्त आरोपियों के खिलाफ दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज किया है।

## पेट्रोल पंप को पांचवा व अंतिम आरोपी गिरफ्तार

**मुरैना।** जौरा थाना क्षेत्र के अन्तर्गत मनीष पेट्रोल पंप कर्मचारी के साथ विगत 19 अक्टूबर को की गयी लूट के चार आरोपियों को पुलिस पूर्व में गिरफ्तार कर चुकी है। सोमवार को पुलिस ने लूट की घटना में शामिल पांचव व अंतिम आरोपी भूरा उर्फ राजकुमार पुत्र विजेन्द्र गुर्जर निवासी खुलावली थाना देवगढ हाल गोपालपुरा मुरैना को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 1 लाख 10 हजार रूपये की नगदी सहित तथा लूट की राशि में 10 हजार रूपये का खरीदा गया मोबाइल एवं लूट की घटना में प्रयुक्त 315 बोर का कट्टा बरामद किया है। आरोपी भूरा पर निहालगंज धौलपुर राजस्थान में बैक केशियर से लूट के मामले में फरार होकर वांटेड है। पुलिस ने पेट्रोल पंप कर्मचारियों से की लूट में कुल मशरूका 5 लाख 44 हजार 990 रूपये बरामद किये जा चुके हैं। पुलिस अधीक्षक द्वारा आरोपी भूरा की गिरफ्तारी पर 10 हजार रूपये का इनाम घोषित किया गया था।



## पंचकल्याणक महोत्सव में शामिल होने के लिये श्रद्धालुओं के लिये निःशुल्क बस

**अम्बाह।** आचार्य विशुद्ध सागर जी महाराज के सानिध्य मे होने जा रहे भिंड के बरही गांव में पंचकल्याणक महोत्सव मे जैन धर्मावलंबियों को पुण्य लाभ दिलाने एवं उक्त क्षेत्र के पास ही स्थित पनिहार एवं आमीगांव अतिशय क्षेत्र के दर्शन हेतु समाजसेवी नरेश जैन काका द्वारा अंबाह क्षेत्र के श्रद्धालुओं के लिए निःशुल्क बसों की व्यवस्था की गयी हैं। जिससे अधिक से अधिक श्रद्धालु पंचकल्याणक महोत्सव में सम्मिलित हो सके। यह बस 10 दिसंबर मंगलवार को सुबह 7 बजे प्रस्थान करेगी। ज्ञात रहे कि आमिगांव और पनिहार जैन धर्म के प्राचीन तीर्थ क्षेत्र हैं जिनके दर्शन करने से श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक शांति मिलती है। इसी तरह 13 दिसंबर को अंबाह नगर में आयोजित जैन समाज की वार्षिक रथयात्रा महोत्सव में भी नरेश जैन काका नगर के सामाजिक बंधुओं के साथ-साथ बाहर से पधारने वाले सभी आगंतुकों के लिए भंडारे की व्यवस्था स्वयं के व्यय पर कराएंगे। इसके लिए उन्होंने मंदिर कमेटी के समक्ष संपूर्ण व्यय उठाने की बात कही है जिस पर लगभग एक लाख रुपये खर्च होंगे ज्ञात रहे कि इससे पूर्व वार्षिक रथयात्रा महोत्सव में संपूर्ण समाज के सहयोग से भंडारे की व्यवस्था होनी थी किंतु धार्मिक स्वभाव के श्री काका ने बस व्यवस्था और भंडारे की व्यवस्था हेतु स्वयं खर्च करने का निर्णय लिया है जिससे उन्होंने संपूर्ण समाज को अवगत करा दिया है।

## रिपोर्टर धर्मेन्द्र सिंह/देहात थाना पुलिस ने दो फरारी इनामी बदमाशों को किया गिरफ्तार



**भिण्ड।** पुलिस अधीक्षक महोदय भिंड के विशेष अभियान के अंतर्गत तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय श्रीमान संजीव कंचन सर के निर्देशन में सीएसपी महोदय भिडं श्री दिनेश बैंस जी के मार्ग निर्देशन में थाना देहात के अपराध क्रमांक 620/19 धारा 307,323,294,147,148,149 ईजाफा धारा 302 ताहि का फरार व 5000/- 5000/- के दो फरारी आरोपी मे आरोपी चरण उर्फ चतुर पुत्र नृपत नरवरिया,व जितेन्द्र उर्फ जीतू पुत्र नरोत्तम नरवरिया नि. बक्सीपुरा भिड़ को दबोहा मोड़ से गिरफ्तार किया गया.. घटना मे प्रयुक्त लाठी बरामद की गई व दोनो आरोपियो को माननीय न्यायालय पेश किया गया आरोपी को जिला जेल दाखिला दिलाया गया। कार्यवाही में निरी. शैलेन्द्र सिंह कुशवाहा उनि पंकज मुदगल, आर नरेन्द्र कुशवाह आर केशव भदौरिया की भूमिका रही..



## गीता जयंती के अवसर पर निकला चल समारोह

शिवपुरी ब्यूरो । विश्व गीता प्रतिष्ठानम उज्जयिनी के तत्वाधान में संचालित गीता स्वाध्याय मण्डल शिवपुरी द्वारा गीता जयंती के अवसर पर आज मोक्षदायनी एकादशी के अवसर पर प्रात: 9 बजे से 11 बजे तक एक चल समारोह शहर के लक्ष्मीनारायण मंदिर से प्रारंभ होकर कालियामर्दन मंदिर तक निकाला गया । जिसमें बैण्ड की धुनों पर नृत्य करते हुए पहुंचे । कालिया मर्दन मंदिर पर विभिन्न वक्ताओं द्वारा गीता के महत्व को उपस्थित लोगों को बताया । जिसमें विष्णु शर्मा, पुरूषोत्तम गौतम, गोपाल कृष्ण गोयल, रमेश कोठारी, सुरेन्द्र शर्मा, कैलाश नारायण शर्मा ने अपने विचार प्रस्तुत किए । आगामी अखिल भारतीय गीता महोत्सव 22 दिसम्बर से 24 दिसम्बर तक आयोजित किया जा रहा हैं । भक्तजनों से अपील की गई है कि अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर धर्मलाभ उठाऐं ।

## अम्बाह बिशेष न्यायाधीश धर्मेन्द्र टाडा ने दुष्कर्मी को दिया आजीवन कारावास...

**केशब पडिंत जी अम्बाह**

**अम्बाह।** आज माननीय न्यायालय श्रीमान धर्मेंद्र टाडा, विशेष न्यायालय श्रशष्ह्यश ड्डष्ह्ह र2012 अम्बाह जिला मुरैना ने आरोपी अरविंद पुत्र रामदुलारे श्रीवास निवासी गंज मोहल्ला, अटेर जिला भिंड को आजीवन कारावास एवं 3000 हजार रुपए के अर्थदण्ड से दंडित किया।

**संक्षिप्त विवरण** - थाना सिहोनिया में दिनांक 17.10.18 को अभियोक्त्री के पिता ने अपनी नाबालिक पुत्री के व्यपहरण के संबंध में अज्ञात व्यक्ति के नाम से रिपोर्ट दर्ज कराई है। जिस पर से अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया। विवेचना के दौरान पुलिस ने अभियोक्त्री को दस्तयाब किया। अभियोक्त्री के द्वारा बताया कि 15.10.18 को गांव से पोरसा आई डी निकलवाने गई थी, जहां आरोपी अरविंद मिला, जिसने कहा की तुम्हे तुम्हारे गांव छोड़ देता हूँ, अरविंद मुझे मेरे गाँव ना ले जाते हुए, अटेर ले गया और मुझे अटेर के बीहड़ टीले पर 15 दिन तक रखा ओर मेरे साथ लगातार इच्छा के विरुद्ध गलत (बलात्कार) काम किया। आरोपी को गिरफ्तार कर एवम चालानी कार्यवाही कर अभियोग पत्र न्यायालय में पेश किया।आरोपी के विरुद्ध अभियोजन के द्वारा साक्ष्य अभिलेख पर लाया ओर तर्क पेश किया। जिस पर से माननीय न्यायालय ने आरोपी अरविंद को लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 की धारा 5/6 एवं भादवि की धारा 366, 376(2)(ढ) में दोषी पाया।

**अभियोजन की ओर से संचालन** – गिरजेश खत्री, विशेष लोक अभियोजक, (सहायक जिला अभियोजन अधिकारी) ने किया एवं प्रकरण में मार्गदर्शन जिला अभियोजन अधिकारी श्री प्रमोद श्रीवास्तव ने किया साथ ही सहयोग श्री सोबरन माहौर ADPO ने किया।

### हाईकोर्ट की अवमानना

## डीईओ कार्यालय शील्ड, पंखा, कूलर, कुर्सी सहित सामान कुर्की की हुई कार्यवाही

**शिवपुरी ब्यूरो ।** महिला शिक्षकों के तबादले के मामले को लेकर पहले ही विवादों में घिरे शिक्षा विभाग की रविवार को उस समय और मुसीबत बढ़ गई जब अनुदान शाला में पदस्थ रहे एक मृतक शिक्षक की पत्नि द्वारा दायर याचिका के मामले में अवमानना के तहत हाईकोर्ट ने डीईओ कार्यालय की संपत्ति कुर्क कर शिक्षक की पत्नि को उसके 3 लाख 69 हजार रूपए के लंम्बित देयकों के भुगतान के आदेश के क्रम में तहसीलदार अपनी टीम के साथ कुर्की की कार्यवाही को अंजाम देने डीईओ कार्यालय पहुंचे । टीम ने कार्यालय के कूलर, पंखे, एसी, अलमारी, कुर्सी, टेबिल, यहां तक की डीईओ की अनुबंधित कार की कीमत आंकी और पंचनामा बनाकर कार्यालय के दो प्रमुख कक्ष भी सील्ड कर दिए ।

बैराड़ के अनुदान शाला में पदस्थ रहे प्रहल दास गुप्ता की 2006 में मृत्यु हो गई थी और इस मामले में उनके परिजनों को ग्रेज्युटी का भुगतान तमाम आवेदनों के बाबजूद नहीं किया गया था । मृतक की पत्नि रूप बती ने 2015 में श्रम न्यायालय में भुगतान को लेकर आवेदन दिया और 2017 में हाईकोर्ट ग्वालियर ने पीड़िता को तीन माह में भुगतान के निर्देश दिए थे, लेकिन विभाग ने इस गंभीरता से नहीं लिया और 2018 में रूपवती ने हाईकोर्ट में अवमानना याचिका दायर कर दी और इसीक्रम में न्यायालय ने कलेक्टर शिवपुरी को 9 दिसम्बर तक उक्त राशि के भुगतान कार्यालय की संपत्ति कुर्क कर खाते में जमा करने के निर्देश दिए हैं ।

दोपहर करीब 1:30 बजे तहसीलदार भूपेन्द्र सिंह कुशवाह पटवारी गिरजेश श्रीवास्तव एवं विवेक रावत व कुछ अन्य के साथ डीईओ कार्यालय पहुंचे और बताया कि उन्हें कार्यालय का सामान कुर्क करना हैं ।



इस बात पर वहां मौजूद डीईओ अजय कटियार और तहसीलदार ने जमकर बहस बाजी भी हो गई । डीईओ ने तहसीलदार से आदेश मांगा तो उन्होंने कहा कि मुझे न्यायालय के निर्देश पर वरिष्ठ अधिकारियों ने भेजा हैं । आप कलेक्टर से आदेश मांग लें डीईओ का कहना था कि सामग्री सूचीबद्ध करने की कार्यवाही में समय लगेगा । जब सूची तैयार की जा रही थी तो कार्यालय में लगे एसी को लेकर डीईओ का कहना था कि ये कार्यालय का नहीं है बल्कि पर्सनल हैं जिस पर तहसीलदार ने साफ कहा कि कार्यालय की कोई भी संपत्ति पर्सनल नहीं होती और इसे उन्होंने सूचीबद्ध कर 30 हजार रूपए कीमत आकडाली । इसी तरह डीईओ पर मौजूद अनुबंधित कार की भी कीमत 5 लाख रूपए कीमत आंकी गई है ।

### इनका कहना है

श्रमन्यायालय भोपाल के आदेश के विरूद्ध शिक्षा विभाग की ओर से हमने भी हाईकोर्ट ग्वालियर में याचिका प्रस्तुत की हैं तथा श्रम न्यायालय के उक्त आदेश को स्थागित करने की मांग की हैं । जो प्रचलन में है । इसी तरह के एक अन्य मामले में इंदौर हाईकोर्ट ने निर्णय दिया था कि अनुदान शिक्षकों को ग्रेज्युटी नहीं दिया जाना हैं । हमारी याचिका भी सुनवाई में है । महिला द्वारा दायर अवमानना याचिका के क्रम में आज तहसीलदार की टीम ने कार्यालय में उक्त कार्यवाही की है ।

**अजय कटियार**
**जिला शिक्षा अधिकारी शिवपुरी**

हाई कोर्ट ग्वालियर ने रूपवती गुप्ता की अवमानना के याचिका के क्रम में जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय की संपत्ति कुर्क कर उसके देयकों की लंम्बित 3 लाख 69 हजार रूपए के भुगतान के निर्देश दिए हैं उसीक्रम में आज हमने कुर्की के लिए सामान सूचीबद्ध करने व कार्यालय के कक्ष सील्ड करने की कार्यवाही की है ।

**भूपेन्द्र सिंह कुशवाह**
**तहसीलदार शिवपुरी**








### आपने सेवा का मौका दिया है, तो

## जीवन भर आपकी सेवा करता रहूंगा: खाद्य मंत्री तोमर

**ग्वालियर।** प्रदेश के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने कहा है कि जनता ने मुझे सेवा करने का अवसर प्रदान किया है। मैं जिंदगी भर आपकी सेवा करता रहूंगा। किसी जरूरत मंद की सेवा करने से बडा पुण्य का काम दूसरा नही हैं। आंगे भी इस प्रकार के शिविर आयोजित किये जायेगें। खाद्य मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने सोमवार को इंटक मैदान में अपने पिता स्व. हाकिम सिंह तोमर की पुण्य स्मृति में दो दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर के समापन अवसर पर यह बात कही।

मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर के पूज्य पिताश्री की पुण्यस्मृति में लगाये गए दो दिवसीय निःशुल्क स्वाथ्य शिविर का आज समापन हुआ इस शिविर में सात हजार से ज्यादा लोगो को स्वाथ्य लाभ पहुंचा। इस शिविर में जीबी पंत अस्पताल नई दिल्ली के वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ जमाल यूसुफ, डॉ दिनेश भुरानी सहित ग्वालियर के विशेषज्ञ द्वारा उपचार किया गया। समापन पर प्रदेश के खाद्य मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर सहित जनकल्याण संघर्ष समिति एवं सिंधिया विचार मंच के सदस्यों द्वारा सभी डॉक्टरों एवं समस्त मैडिकल टीम का श्रीफल शॉल द्वारा सम्मान किया गया। इस मौके पर खाद्य मंत्री श्री तोमर के अनुरोध पर डॉ यूसुफ जमाल एवं डॉ दिनेश भुरानी ने आस्वस्त किया कि हम हर चारमाह में दो दिन के लिए इस तरह के शिविर में जरूर ग्वालियर आया करेंगे।प्रदेश के खाद्य मंत्री श्री तोमर ने कहा कि भगवान के बाद डाक्टर दूसरा भगवान होता है। डाक्टर दूसरों को जीवनदान देते हैं। डाक्टर के कारण ही आज गरीबों को इलाज मिला। मंत्री श्री तोमर ने कहा कि क्षेत्र के नागरिकों के स्वास्थ्य की बेहतरी के लिए शिविर का आयोजन किया गया है। भविष्य में भी इस

### स्व. हाकिम सिंह तोमर की पुण्य स्मृति में दो दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर सम्पन्न, 7 हजार से अधिक लोगों ने लिया स्वास्थ्य शिविर का लाभ

प्रकार के शिविर का आयोजन किया जायेगा जिससे ज्यादा से ज्यादा लोगों को इसका लाभ मिल सके। मंत्री श्री तोमर ने कहा कि कल हमने बहोडापुर क्षेत्र में संजीवनी क्लीनिक का शुभारंभ किया है उसमें आपको निशुल्क इलाज मिलेगा साथ ही 68 प्रकार की जांचे और 120 प्रकार की दवाइयां भी निशुल्क मिलेगीं। शहर में 6 संजीवनी क्लीनिक खोले जा रहे हैं। जिससे हर गरीब को इलाज मिल सके। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने यह भी कहा कि यह शहर आपका है, इसको स्वच्छ, स्वस्थ्य और प्रदूषण मुक्त रखने की जिम्मेदारी आपकी है।

**शिविर में यह चिकित्सक थे उपस्थित-** डॉ. जमाल यूसुफ दिल्ली, डॉ. दिनेश भूरानी दिल्ली, डॉ. अजय पाल सिंह, डॉ. नीलिमा सिंह, डॉ. मनीष शर्मा, डॉ. विजय गर्ग, डॉ. आनंद शर्मा, डॉ. विवेक कनकने, डॉ. पुनीत रस्तोगी, डॉ. दिव्या सिंह, डॉ. पूजा शर्मा, डॉ. रोथागपुई सेलो, डॉ. देवेश चांदिल, डॉ. विकास सिंघल, डॉ. अनुराग गर्ग, डॉ. दीपक शर्मा, डॉ. कनिष्ठ गुरू, डॉ. ध्रुव माथुर, डॉ. रवि अम्बे, डॉ. सांदिक बंसल, डॉ. अमित जैन, डॉ. ऋतु निगम, डॉ. उल्लास बत्रा, डॉ. फरहान नईम, डॉ. संतोष त्रिपाठी, डॉ. दीपक अग्रवाल, डॉ. अनुपम ठाकुर, डॉ. प्रवीण झा, डॉ. उज्ज्वल शर्मा, डॉ. रूस्तम कौरव, डॉ. जैसवाल, डॉ. भरत, डॉ. अशोक राजौरिया, डॉ. व्ही एस जायसवाल, डॉ. अनिल पाठक, डॉ. गायत्री नागौरी, डॉ. कल्पना पाठक, डॉ. के के गोयल, डॉ. आर के शुक्ला, डॉ. आर के पिप्पल तथा डॉ. रेनू यादव शिविर में उपस्थित थे।

## आईटीएम में कैपिटल मार्केट' पर वर्कशॉप आयोजित

### वारेन वफे के उदाहरण से समझाया

दूसरे सत्र में एक्सपर्ट कनिष्क मोहन गुप्ता मौजूद रहे। वे फाइनेंशियल इंस्टीट्यूशन्स में बिजनेस एनालिस्ट रह चुके हैं और निवेश प्रबंधन, लागत में कमी व आईटी के क्षेत्र में 8 वर्षों के अनुभव के साथ एक पेशेवर भी है। सेमिनार के दौरान उन्होंने छात्रों को कैपिटल मार्केट के व्यावहारिक दृष्टिकोण के बारे में बताया। उन्होंने सेमिनार की शुरुआत सबसे बड़े निवेशक, वारेन बफे का उदाहरण से की। उन्होंने निवेश की अपनी रणनीतियों के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि राकेश झुनझुनवाला जिन्हें भारत के वॉरेन बफे के रूप में भी जाना जाता है, (उन्होंने 2002 में 6 करोड़ में 6 करोड़ के शेयर खरीदे और आज उनके शेयर लगभग 5900 करोड़ रुपये के हैं)। कनिष्क गुप्ता ने स्टूडेंट्स को एक कंपनी में निवेश करने से पहले एक कंपनी की वित्तीय स्थिति का विश्लेषण करने के बारे में पढ़ाया, एक कंपनी की वार्षिक वृद्धि दर (सीएजीआर) और स्टूडेंट्स को कैपिटल मार्केट में प्रवेश करने के लिए प्रोत्साहित किया।

**ग्वालियर।** 'हर साल बैंक धोखाधड़ी के मामले बढ़ रहे हैं। एनपीए की समस्या केवल बैंकों को ही नहीं बल्कि पूरी अर्थव्यवस्था को प्रभावित कर रही है। वास्तव में भारतीय बैंकों में एनपीए का स्तर उद्योग और व्यापार के स्वास्थ्य की स्थिति के अलावा कुछ भी नहीं है' यह कहना था केनेरा बैंक के पूर्व असिस्टेंट जनरल मैनेजर अजय मुत्ताकार का। वे आईटीएम यूनिवर्सिटी में स्टूडेंट्स के ज्ञानवर्धन के लिए आयोजित होने वाले एक सेमिनार में मुख्य वक्ता के रूप् में उपस्थित रहे। वे क्रेडिट, विदेशी मुद्रा, वसूली, जोखिम प्रबंधन और सतर्कता के क्षेत्र में 40 वर्षों से अनुभवी रह चुके हैं। स्कूल मैनेजमेंट में हुए इस सेमिनार में उन्होंने छात्रों को 'बैंकिंग उद्योग में वर्तमान चुनौतियों' के बारे में जानकारी देते हुए मुख्य रूप से इस बात पर ध्यान केंद्रित किया कि वर्तमान में बैंक किन चुनौतियों का सामना कर रहे हैं।



खासकर एनपीए, उत्पादन की उच्च लागत, धोखाधड़ी, डिजिटल बैंकिंग, कम पूंजी, अनुपालन व अन्य के बारें में विस्तृत से जानकारी दी। इसके बाद आखिरी सेशन में उन्होंने स्टूडेंट्स के साथ इंटरेक्शन कर उनकी जिज्ञासाओं का समाधान भी किया। इस दौरान स्कूल ऑफ मैनेजमेंट की डीन डॉ वंदना भारती, मेघा सोनी व अन्य फैकल्टी उपस्थित रही।



## सादगी से कांग्रेस ने मनाया सोनिया गांधी का जन्मदिन

**ग्वालियर।** शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ देवेन्द्र शर्मा के नेतृत्व में आज अचलेश्वर मंदिर पर भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक कर यूपीए की चेयरमेन एवं अ.भा. कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष सोनिया गांधी का जन्म दिन सादगी से मनाया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उनकी दीर्घायु की कामना की। इस अवसर पर मप्र कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष पूर्व विधायक रमेश अग्रवाल, महाराज सिंह पटेल, बालखांडे, कमलेश कौरव, उदल सिंह, जेएच जाफरी, कुसुम शर्मा, सरोज मिश्रा, प्रवक्ता आनंद शर्मा, धर्मेन्द्र शर्मा, रामसुंदर , वीर सिंह तौमर, मानसिंह कुशवाह, गुरूमुख करोसिया, युवा कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष हेवरन सिंह कंसाना, सरमन राय, ब्लॉक अध्यक्ष गौरव भोसंले, मुनेन्द्र भदोरिया, प्रमोद पांडे, संजीव दीक्षित, अनिल पुनियानी, पुरूषोत्तम बनोरिया, आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## डॉ. सिकरवार ने वार्ड 29 में किया सी.सी. रोड निर्माण के लिए भूमिपूजन



**ग्वालियर।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता डॉ. सतीश सिंह सिकरवार ने आज नगर निगम के वार्ड क्रमांक 29 में रामनगर भदौरिया मार्केट के पास सी.सी. रोड़ निर्माण के लिए मुख्य अतिथि के रूप में भूमिपूजन किया। कार्यक्रम में विषिश्ट अतिथि के रूप में रामकृश्ण मण्डल अध्यक्ष विजय सक्सेना एवं क्षेत्रीय पार्शद पति रामबेटी मेहताब कंषाना मौजूद रहे। इस अवसर पर गिरराज कंशाना, घनष्याम पंत, ऋषभ भदौरिया, भाजपा युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष विवेक चौहान, गुड्डू तोमर, दिग्विजय जैन, तिवारी अंकल, सी.पी. शर्मा, गिराज्र षर्मा, मुकेष अग्रवाल, पोप सिंह, हरेन्द्र तोमर, अमित श्रीवास्तव, राकेश शर्मा, पाठक जी, सुरेश गुर्जर, राजेष मिश्रा, राजेष षुक्ला, सोमेश मंहत, प्रकाश गुर्जर, राजासिंह दोहरे, हिमांषु कीकन आदि उपस्थित रहे। भूमिपूजन कार्यक्रम में डॉ. सिकरवार ने कहा कि क्षेत्र का विकास ही मेरी प्राथमिकता है, जनता की सेवा और क्षेत्र का विकास व प्रगति ही मेरा लक्ष्य है। क्षेत्र को विकसित करने एवं जनता को बुनियादी सुविधाये दिलाने के लिए हर संभव प्रयास करूगॉ। विकास कार्य निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है। क्षेत्र के विकास के लिए कोई कोताहीं नहीं बरती जायेगी। क्षेत्र की हर समस्या का समाधान करने के लिए मैं आपके साथ हर समय खड़ा हुआ हूं। आपकी समस्या के निदान के लिए तथा क्षेत्र की जनता को बुनियादी सुविधा दिलाये जाने के लिए हर स्तर तक संघर्ष करूंगा।

## मां अंबे महिला आत्मरक्षा अभियान संस्था के द्वारा

अमित शर्मा

**ग्वालियर।** डॉक्टर भगवत सहाय कॉलेज शर्मा फार्म रोड ग्वालियर में 8 दिवसीय कराटे प्रशिक्षण मां अंबे महिला आत्मरक्षा अभियान के द्वारा आयोजित किया जा रहा था संस्था के संस्थापक सूरज सिंह राठौर ने बताया कि इस ट्रेनिंग से सभी छात्राओं के अंदर आत्मनिर्भर बनने की और उनके साथ गलत करने वालों के प्रति टारगेट क्लियर हो चुका है वह आने वाले दुश्मनों को धूल चटाने वाली है जिसमें महिला कोच सृष्टि भदौरिया सुजाता नरवरिया अनूप मिश्रा सचिन राठौर ने छात्राओं को खुद की रक्षा करने के उपाय बताएं जिसमें हम 11 लाख 51000 हजार महिलाओं को निशुल्क सिखाने का टारगेट किया है और यह टारगेट ग्वालियर में ही नहीं पूरे मध्यप्रदेश में किया जाएगा आज जो प्रशिक्षण दिया जा रहा था इसमें छात्राओं में बढ़-चढ़कर अच्छे से प्रदर्शन कर है प्राचार्य कौशल आर्य सर सवि ने ट्रेनिंग की सराहनीय किया।



### बिटिया सम्मान समारोह



## महिला एवं बाल विकास मंत्री के मुख्य आतिथ्य में समारोह सम्पन्न

**ग्वालियर।** हमारा नारा 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' का है और इस दिशा में निरंतर कार्य जारी है। बेटी को पढ़ाना है और आगे बढ़ाना है। यह बात प्रदेश की महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती इमरती देवी ने सोमवार को ग्वालियर संभाग के शिवपुरी जिले में आयोजित बिटिया सम्मान समारोह में अपने उद्बोधन में कही। उन्होंने कहा कि बेटियों को अधिकार दिए गए हैं। वे उसका उपयोग करें। आलोचना तो होगी पर उन पर ध्यान दिए बिना अपने लक्ष्य की ओर आगे बढ़ते रहें। आज आगे बढ़ने के कई अवसर हैं उन अवसरों का उपयोग करें और किसी भी परिस्थिति में कमजोर न पड़ें। मंत्री श्रीमती इमारती देवी ने कहा कि समाज में महिला पुरूष एक समान हैं इस विचार को बच्चों तक पहुचाएं। करैरा विधायक श्री जसमंत जाटव ने कहा कि बेटी है तो कल है, के नारे को साकार करना है। कुछ घटनाएं समाजिक मानसिकता पर प्रश्नचिन्ह खड़ा कर देती हैं परंतु समाज की प्रगति में बेटियों का अहम योगदान है। हमें बेटियों का सम्मान करना चाहिए। महिलाएं भी मजबूत बने और अपने अधिकारों को समझें। विधायक श्री सुरेश राठखेड़ा ने कहा की बेटी के जन्म को बोझ न समझें बल्कि खुशी मनाएं। बेटी की शादी के लिए शासन से 51 हजार की राशि दी जा रही है। उन्होंने सुबह 6 से शाम 7 बजे तक ही कोचिंग संचालित करने के निर्णय की सराहना की। उन्होंने देश की प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी का भी उदाहरण दिया।संभागायुक्त श्री एम.बी.ओझा ने अपने संबोधन में कहा कि प्रोजेक्ट रोशनी एक अभिनव पहल है। यह जिले का महत्वपूर्ण प्रयास है। ग्वालियर संभाग में बालिका लिंगानुपात कम है। इसके प्रति हमें सचेत होने की जरूरत है। बेटियां आत्मनिर्भर और सशक्त बने।

### रोशनी की राहें' बाल संरक्षण पुस्तक का विमोचन

बेटियों की सुरक्षा के कार्यक्रम एवं योजनाओं की जानकारी से अवगत कराने वाली पुस्तक 'रोशनी की राहें' बाल संरक्षण पुस्तक का समारोह में अतिथियों द्वारा विमोचन किया गया।

### यह रहे उपस्थित

कार्यक्रम के प्रारंभ में महिला एवं बाल विकास के जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री देवेंद्र सुंदरियाल ने स्वागत भाषण दिया। मुख्य अतिथि के रूप में महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती इमरती देवी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में करैरा विधायक जसमंत जाटव, पोहरी विधायक सुरेश राठखेड़ा, संभागायुक्त एम.बी.ओझा, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती कमला बैजनाथ यादव, महामंत्री हरवीर रघुवंशी, श्रीमती ऊषा भार्गव, कलेक्टर श्रीमती अनुग्रह पी, पुलिस अधीक्षक राजेश सिंह चंदेल, जिला पंचायत सीईओ एच.पी.वर्मा, संयुक्त संचालक तोमर उपस्थित थे।

## तानसेन संगीत समारोह ग्वालियर में 17 दिसम्बर से

**ग्वालियर।** संगीत सम्राट तानसेन की स्मृति में ग्वालियर में 17 दिसम्बर से 5 दिवसीय राष्ट्रीय तानसेन समारोह आयोजित किया जाएगा। राज्य सरकार ने इस वर्ष से समारोह को अंतर्राष्ट्रीय पहचान देने का निर्णय लिया है। इस वर्ष तानसेन संगीत समारोह में राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय संगीत कला साधक और कलाकार शिकरत करेंगे। समारोह में पंडित रविशंकर की जन्म-शताब्दी पर आधारित चित्र प्रदर्शनी प्रणति आयोजित की जाएगी। संगीत संवाद पर केन्द्रित वादी-संवादी कार्यक्रम में विख्यात सितार वादक श्री शुभेन्दु राव और ध्रुपद गायक उमाकान्त गुन्देचा के व्याख्यान प्रमुख आकर्षण रहेंगे।।

संस्कृति विभाग द्वारा आयोजित इस तानसेन संगीत समारोह में पहले दिन 17 दिसम्बर को सुबह 9:30 बजे संगीत सम्राट तानसेन की समाधि पर हरिकथा और मीलाद की प्रस्तुति होगी। इसी दिन शाम 7 बजे सारंगी वादक पद्मश्री मोईनुद्दीन खाँ और प्रेम कुमार मलिक ध्रुपद गायन प्रस्तुत करेंगे। पहले दिन ही शासन द्वारा स्थापित राष्ट्रीय तानसेन एवं राजा मानसिंह तोमर सम्मानों का अलंकरण समारोह होगा। इस मौके पर तानसेन सम्मान से अंलकृत कलाकार गायन प्रस्तुत करेंगे। इसके पूर्व संगीत महाविद्यालय, ग्वालियर के कलाकारों की प्रस्तुति होगी। दूसरे दिन 18 दिसम्बर को प्रातःकालीन सभा में सुबह 10 बजे मीता पंडित, रसिका गावड़े और सागर मोरानकर का गायन होगा। श्रुति अधिकारी अपने साथी कलाकारों के साथ पंचनाद प्रस्तुत करेंगी। समारोह में ग्रीस की कलाकार लौकिया वालासी और स्टेला वालासी द्वारा गायन संतूरी की प्रस्तुति होगी। सायंकालीन सभा में तानसेन संगीत महाविद्यालय एवं अभिजीत सुखदाण का ध्रुपद गायन, अब्दुल सलाम, नौशाद का क्लेरोनेट वादन तथा यू.एस.ए से आये मोहन देशपाण्डे का गायन होगा। उल्लेखनीय है कि कर्नाटक संगीत के मूर्धन्य मृदंगाचार्य पद्म विभूषण श्री उमायलपुरम के शिवरमन का मृदंग वादन समारोह का विशेष आकर्षण होगा। तानसेन संगीत समारोह में तीसरे दिन 19 दिसम्बर को सुबह की सभा में सुधाकर देवले और सोनल शिवकुमार का गायन, जयंत गायकवाड़ का पखावज वादन और सलीम अल्लाहवाले ग्रुप का ताल सप्तक होगा। शाम की सभा में नरेश मल्होत्रा एवं पं. अजय पोहनकर का गायन और नित्यानंद हल्दीपुरकर का बांसुरी वादन होगा। विश्व संगीत श्रृंखला में ईरान के कलाकार सियावस इमानी, पेड्रम खावर जामिनी, आमिर खैरी की प्रस्तुति होगी।समारोह में चौथे दिन 20 दिसम्बर को सुबह की सभा में महेश दत्त पाण्डेय, अपूर्वा गोखले और पल्लवी जोशी का युगल गायन होगा। रामचंद्र भागवत का वॉयलिन वादन होगा। इसी सत्र में विश्व संगीत के अंतर्गत चीन की कलाकार ली फेंगयुन द्वारा गुचिन की प्रस्तुति होगी। इसी दिन शाम की सभा में कौशिकी चक्रवर्ती और जान्हवी फनसालकर का गायन होगा। श्री नरेन्द्रनाथ धर सरोद वादन प्रस्तुत करेंगे।

## अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा ने की नियुक्तियां



**ग्वालियर।** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के जिला अध्यक्ष श्री राम कुमार सिंह सिकरवार व प्रमुख महामंत्री महेंद्र सिंह तोमर जी की सहमति से श्री मुन्ना सिंह चौहान जी को वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष, श्री विशंभर सिंह तोमर जी को जिला महामंत्री, श्री जयभान सिंह सोलंकी जिला मंत्री एवं प्रदीप सिंह दिखित जी को संगठन मंत्री नियुक्त किया। इस अवसर पर संगठन के सभी पदाधिकारियों ने उनकी नियुक्ति पर राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष श्री सुरेंद्र सिंह तोमर ,भिंड जिला अध्यक्ष श्री अशोक सिंह तोमर, प्रदेश अध्यक्ष श्री सत्येंद्र सिंह भदौरिया ने बधाई दी ।






### पॉस्को अपराधों में

## लोकअभियोजन स्तर पर त्रिस्तरीय योजना : डीजी पुरूषोत्तम शर्मा

> संचालक लोक अभियोजन मप्र एवं डीजी पुरूषोत्तम शर्मा आज अपने प्रवास के दौरान पत्रकारों से चर्चा कर रहे थे। उन्होंने बताया कि 2018 में 18 नाबालिगों एवं एक बालिक के साथ दुष्कर्म और हत्या के मामलों में अपराधियों को फांसी की सजा दिलाई गई है। इसके बाद मध्यप्रदेश देश का पहला राजय है इसके लिए वर्ल्ड बुक ऑफ रिकार्डस लंदन द्वारा रिकार्ड दर्ज किया गया है। इसके लिए कलाम इन्नोवेशन इन गवर्नेस अवार्ड भी उपराष्ट्रपति वैकया नायडू द्वारा दिया गया है। उन्होंने बताया कि लोक अभियोजन ने कटनी में एक दुष्कर्म के मामले में विभाग द्वारा सारे साक्ष्य जुटाकर मात्र पांच दिनों में आरोपी को फांसी की सजा दिलाई गई। जो भारत का एक रिकार्ड है ।

**ग्वालियर।** संचालक लोक अभियोजन मप्र एवं डीजी पुरूषोत्तम शर्मा ने कहा है कि देश में बढे पॉस्को अपराधों



को लेकर लोक अभियोजन स्तर पर एक त्रिस्तरीय योजना तैयार की गई है। मध्यप्रदेश में अब इसी योजना से अपराधी के खिलाफ सबूत जुटाकर उसे सजा दिलाई जा रही है। उन्होने बताया कि 2018 और 2019 में नाबालिगों के साथ दुष्कर्म मामलों में 32 मामलों में आरोपियों को फांसी की सजा कराई जा चुकी है।

संचालक लोक अभियोजन मप्र एवं डीजी पुरूषोत्तम शर्मा आज अपने प्रवास के दौरान पत्रकारों से चर्चा कर रहे थे। उन्होंने बताया कि 2018 में 18 नाबालिगों एवं एक बालिक के साथ दुष्कर्म और हत्या के मामलों में अपराधियों को फांसी की सजा दिलाई गई है। इसके बाद मध्यप्रदेश देश का पहला राजय है इसके लिए वर्ल्ड बुक ऑफ रिकार्डस लंदन द्वारा रिकार्ड दर्ज किया गया है। इसके लिए कलाम इन्नोवेशन इन गवर्नेस अवार्ड भी उपराष्ट्रपति वैकया नायडू द्वारा दिया गया है। उन्होंने बताया कि लोक अभियोजन ने कटनी में एक दुष्कर्म के मामले में विभाग द्वारा सारे साक्ष्य जुटाकर मात्र पांच दिनों में आरोपी को फांसी की सजा दिलाई गई। जो भारत का एक रिकार्ड है । इस प्रकरण को इंडिया बुक ऑफ रिकार्डस में भी दर्ज किया गया है। वहीं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2018 में 15 अगस्त को लाल किले से इसका उल्लेख किया था। उन्होंने बताया कि अपराधियों को सजा दिलाने में आज मध्यप्रदेश में 70 प्रतिशत सफलता हासिल की जा रही है। महानिदेशक शर्मा ने बताया कि उन्होने जो त्रिस्तरीय योजना बनाई है उसमें पॉस्को अपराध में विवेचना अधिकारी ने क्या साच्य जुटाए हैं उसकी स्क्रूटनी की जा रही है। जहां आवश्यकता है वहां आवश्यक दिशा निर्देश दिये जा रहे हैं। न्यायालय में गबाह पलट तो नहीं रहे आरोपी को जल्द न्याय मिले इसकी वह स्वयं मॉनीटरिंग कर रहे हैं। वहीं गबाह के लिए एक हेल्प डेस्क भी बनाई गई है। उन्होंने बताया कि इस पर अमल भी शुरू कर दिया गया है। सभी जिलों में आईपेड और साफ्टवेयर मुहैया कराया जा रहा है। साथ ही विशेष प्रशिक्षण के लिए कार्यशालाएं भी आयोजित की जा रहीं हैं। विशेष कानून अधिनियमों पर विधि विशेषज्ञों के वीडियो बनाकर बेवसाइट पर अपलोड किये जा रहे हैं। विभाग के कार्य की जानकारी के लिए न्यूज लैटर का प्रकाशन मासिक तौर पर किया जा रहा है। वहीं हाल ही में अमीर सत्य फाउंडेशन अहमदाबाद द्वारा अचीवर्स अवार्ड से महानिदेशक शर्मा को सम्मानित किया गया है। एक प्रश्न के उत्तर में महानिदेशक शर्मा ने कहा कि राज्य में खाली पडे 324 पदों को भरने के लिए प्रयास तेज कर दिये गये हैं। वहीं अपराध के कारणों के लिए जिला स्तर पर एसपी तथा सोशलोजी के छात्रों से एक स्टडी कराने के लिए वह शीघ्र पत्र लिखेंगे। इस अवसर पर जनसंपर्क अधिकारी ग्वालियर संभाग गोपाल सिंह सिकरवार सहित अन्य लोक अभियोजक मौजूद थे।


स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130
नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478